**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक : 17.11.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

भीलवाडा और बाडमेर जिले को जल संचयन और जन भागीदारी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। भीलवाडा जिले में जल संचयन जन भागीदारी से भूजल स्तर में बढोतरी हुई है। वहीं बाडमेर में पिछले साल अप्रेल महीने से लेकर इस साल मार्च तक रिकॉर्ड 87 हजार टांको का निर्माण करवाया गया। इस अभिनव पहल से स्थानीय लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध हो रहा है। वर्षा जल संरक्षण के साथ ही जिले में तालाबों और बावडियों का भी पुनरूद्धार किया जा रहा है।

0000

वी श्रीनिवास आज दोपहर में राज्य के नये मुख्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। श्रीनिवास आज जयपुर पंहुचे। हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजस्थान उनकी कर्मभूमि है और विकसित राजस्थान /2047 के लिए प्राथमिकता से काम किया जायेगा।

.....

राजस्थान काडर के 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीनिवास पिछले सात वर्षो से केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर थे। उन्हें 14 नवम्बर को केन्द्र से रिलीव किया गया। राज्य सरकार ने उन्हें ब्यूरोक्रेसी का मुखिया बनाने के साथ ही राजस्थान राज्य माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड के अध्यक्ष और दिल्ली में मुख्य आवासीय आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है।

0000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी इसमें भाग ले रहे हैं। उत्तर क्षेत्रीय परिषद में राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़ और अन्य केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी बैठक में शिरकत कर रहे है। बैठक में राज्य सरकारों के बीच समन्वय, जल बंटवारे के मुद्दों और विकास कार्यों पर चर्चा होने की उम्मीद है। क्षेत्रीय परिषदें पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ और सहयोग के स्वस्थ संबंधों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण साबित हुई हैं।

0000

जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम इण्डोर स्टेडियम में आज सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। 25 नवम्बर तक चलने वाले इस महोत्सव में जयपुर के 7 अलग–अलग खेल मैदानों पर प्रतियोगिताएं होगी। इनमें एसएमएस के अलावा चौगान, विद्याधरनगर, और भवानी निकेतन स्टेडियम भी शामिल है। इस दौरान एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित अन्य मुकाबले होंगे। इनमें हजारों खिलाडी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने भी उद्घाटन सत्र में शिरकत की।

0000

बारां जिले में भंवरगढ के पास आज एक कार और ट्रक की टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। इन्हें बारां जिला अस्पताल में रैफर किया गया है। हादसे के शिकार व्यक्ति मध्यप्रदेश के है।

0000

राज्य में बीते 24 घंटों में शेखावाटी अंचल में कहीं–कहीं शीतलहर दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में रात का पारा सबसे कम 4 दशमलव 9 डिग्री रहा। वहीं सीकर, नागौर और बीकानेर में भी न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। इसके साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। बाडमेर को छोडकर सभी स्थानों पर दिन का तापमान 30 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है।

0000

राज्य में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए किसान कल्याण और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के तहत कल जयपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के प्रबंध निदेशक ने इस मौके पर कहा कि राज्य में सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास को सशक्त करने के लिए दीर्घकालीन कृषि और गैर कृषि ऋणों पर अनुदान की योजना अहम साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 400 करोड़ रूपये के दीर्घकालीन ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही भूमि विकास बैंको को बेहतर बनाने और किसानों को आर्थिक सबंल देने के लिए एक मुश्त समझौता योजना के प्रभावी कियान्वयन के भी प्रयास किये जा रहे है।

0000

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंति के उपलक्ष्य में प्रदेश में आज विभिन्न स्थानों पर पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। ये यात्राएं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माय भारत के माध्यम से निकाली जा रही है। इसी कडी में आज सवाईमाधोपुर जिले के चौथ का बरवाडा में पदयात्रा निकाली जा रही है। वहीं अजमेर में कल युनिटी मार्च निकाला गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

0000